**<u>न्यायालय कमर्शियल कोर्ट, गौतमबुद्धनगर।</u>**
उपस्थितः श्री अनुपम कुमार (H.J.S.), पीठासीन अधिकारी
ID- UP 1902
**इजराय वाद सं0—23/2020**
**CNR No-UPGB130000462020**

आईआईएफएल **बनाम** ठाकुर साहब गार्मेंट्स आदि

दिनांक—09.09.2022

पत्रावली प्रस्तुत हुई।

कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली के परिशीलन से यह विदित होता है कि डिक्रीदार अथवा उसके अधिवक्ता द्वारा पूर्व न्यायालय में भी उपस्थित आकर निर्णीत ऋणी पर तामील हेतु पैरवी नहीं की गयी है। उसके उपरान्त यह पत्रावली जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के न्यायालय से स्थानान्तरित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28.02.2020 को प्राप्त हुई। पत्रावली स्थानान्तरित होने के उपरान्त डिक्रीदार अधिवक्ता इस न्यायालय में दिनांक 05.10.2021 एवं 22.12.2021 को उपस्थित आ चुके हैं। परन्तु उसके उपरान्त भी उनके द्वारा पैरवी नहीं की जा रही है तथा दिनांक 22.03.2022 से लगातार अनुपस्थित हैं। न्यायहित में डिक्रीदार को पैरवी करने हेतु कई अवसर प्रदान किये जा चुके हैं। बार—बार पुकार करायी गयी। आज भी डिक्रीदार की ओर से कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन दिया गया है।

अतः यह पत्रावली डिक्रीदार की अनुपस्थिति तथा पैरवी के अभाव में निरस्त की जाती है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

(अनुपम कुमार)
पीठासीन अधिकारी
कमर्शियल न्यायालय,
गौतमबुद्धनगर।

Digitally signed by ANUPAM KUMAR
Date: 2022.09.09 15:57:28 IST
Reason: Document Owner
Location: COMMERCIAL COURT GBN